एक नजर में

12वीं पास युवक ने फांसी लगाई, बोहरा गली में हुई घटना, परिजनों ने सुबह देखा शव

नीमच। नगर की बोहरा गली में बुधवार-गुरुवार की रात 20 वर्षीय मोहम्मद खोजेमा अंतरवाला ने अपने घर में फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह 6 बजे परिजनों को कमरे का दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो मोहम्मद फंदे पर लटके हुआ था। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत उसे घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया है कि मोहम्मद कक्षा 12वीं पास है, उसके बाद पढ़ाई छोड़ दी। पिता पुश्तैनी काम करते हैं, लोहे का सामान बेचते हैं। मोहम्मद बुधवार रात को अपने कमरे में सोने गया था। सुबह जब वह बाहर नहीं आया तो परिजन उनके कमरे में गए। जहां मोहम्मद का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। कैंट पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। घटना से परिवार और मोहल्ले में शोक का माहौल है।

श्री वीर सावरकर भारतीय वीरों के प्रेरणा स्त्रोत है

नीमच। श्री वीर सावरकर जी के जन्मदिन पर बघाना क्षेत्र स्थित वीर सावरकर जी की मुर्ती पर संस्था वीर सावरकर विचार मंच व भारतीय सुभाष सेना नीमच के सदस्यों के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. संजय जी जोशी द्वारा माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी की गई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. संजय जोशी द्वारा अंग्रेजो द्वारा किये गऐ अत्याचारों का वर्णन किया गया व सावरकर जी के जीवटता के प्रमाण दिये गये। उनके द्वारा जेल में लिखी गई हजारो कविताओं का संग्रह इसका प्रमाण है। कार्यक्रम में उपस्थित मधुसुदन जी परवाल, कैलाश जी गोयल, मोहनलालजी सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महेश जी गोयल, ओमप्रकाश जी मंत्री, गणेशजी खण्डेलवाल, दिनेश जी गुप्ता आदि उपस्थित थे। अंत में संस्था सचिव रमेश मोरे ने आभार व्यक्त किया।

स्वावलम्बी महिला, सशक्त राष्ट्र

आजीविका मिशन से जुड़कर कोमल बनी पार्लर वाली दीदी

नीमच। महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आजीविका परियोजना का संचालन किया जा रहा हैं। इसी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाने के लिए भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। ऐसी ही महिलाओं में शामिल है नीमच जिले के मोरवन में रहने वाली कोमल पंचोली, जिन्हें पार्लर दीदी भी कहा जाता हैं। कोमल पंचोली की आर्थिक स्थिति समूह में जुड़ने से पूर्व अच्छी नहीं थी। आमदनी भी कम ही होती थी। जिससे परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मोरवन की कोमल पंचोली ने आजीविका मिशन के तहत खाटूश्याम स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कम दर पर 30 हजार रूपये का ऋण लेकर ब्यूटी पार्लर प्रारंभ किया। इससे उसे हर महीने 7 से 8 हजार रूपये की आमदनी हो रही हैं।

इंदिरा नगर में सड़क निर्माण कार्य का वार्ड पार्षद दीवान व श्रीमती पोरवाल ने किया निरीक्षण

नीमच। इंदिरा नगर में मुख्य मार्ग की सड़क का निर्माण लंबे समय बाद आखिरकार संबंधित ठेकेदार द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र वासियों ने काफी राहत महसूस की है। निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ होने के बीच नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद सुमित्रा- मुकेश पोरवाल व वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद हरगोविंद दीवान ने गुरुवार को इंदिरा नगर अपने वार्ड क्षेत्र में बन रही सड़क निर्माण का निरीक्षण किया।पार्षद दीवान ने बताया कि इस मुख्य मार्ग की सड़क का निर्माण लगभग एक करोड रुपए की लागत से किया जा रहा है।डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट लग चुकी है।इंदिरा नगर में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा विकास की एक नई इमारत लिखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान पार्षदों ने संबंधित नगर पालिका के इंजीनियर एवं ठेकेदार को निर्देशित किया की गुणवता का पूरा ध्यान रखें। सड़क निर्माण का कार्य एक बार होता है,इसलिए कार्य में लापरवाही बिल्कुल नहीं की जाए। सड़क बनने से क्षेत्र वासियों में अपार हर्ष है। दीनदयाल वाटिका से गणेश मेडिकल तक सड़क निर्माण को लेकर रहवासियों ने पार्षदों,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा एवं सम्मानित सभी नगर पालिका के पार्षदों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दूसरे दिन भी चली अतिक्रमण हटाओ मुहिम

पिपलियामण्डी। नगर में दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ मुहिम चली। गांधी चौराहा क्षेत्र में चली मुहिम में नाले पर किया गया अतिक्रमण हटाया। वहीं नाले पर शेड से बाहर भी लगाए तिरपाल को हटाया गया। रेलवे फाटक से गांधी चौराहे तक दोनों ओर डिवाइडर पर रखकर किया गया अतिक्रमण हटवाया। मुहिम में इंजीनियर राजेश उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक सुनील साहू के अलावा नगर परिषद् कर्मी शामिल रहे। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव सहित पुलिस अमला भी तैनात रहा।

तेज आंधी के साथ बरसात से नुकसान, मंडी में किसानों की लहसुन हुई खराब

पिपलियामण्डी। बुधवार को अंचल में तेज आंधी के साथ हुई बरसात से काफी नुकसान हुआ। कई जगह लोहे के शेड उड़ गए, वहीं पेड़ धराशाही हो गए, विद्युत पोल भी झुक गए। शाम 5 से 7 बजे तक बरसात जारी रही। इधर बरसात से कृषि उपज मंडी में किसानों को काफी नुकसान हुआ। किसान शेड में व्यापारियों की उपज होने से खुले में ढेर लगाने को मजबूर किसानों की लहसुन बारिश से गीली हो गई। कई किसान बरसते पानी में उपज के बचाव का प्रयास करते दिखे। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से किसान शेड पर व्यापारियों का कब्जा होने से किसानों को उपज के ढेर जमीन पर ही लगाना पड़ते है, एसी स्थिति में बरसात में अक्सर उनकी उपज खराब हो जाती है। इधर नई कृषि उपज मंडी गुड़भेली के निकट बन रही, लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से यहां नई मंडी बनाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है। कृषि मंडी के पूर्व उपाध्याय कमलेश पटेल का कहना है कि 2016 में नई मंडी बनाने का प्रस्तावित हो गया था, लेकिन अभी तक कार्य पूरा नही हुआ। किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे **रुस्तम खां** ने अपने अवयस्क पुत्र **यशान्त (YASHANT)** का नाम बदलकर नया नाम **एहसान खान (EHSAN KHAN)** कर लिया है। अत: भविष्य में मेरे अवयस्क पुत्र **यशान्त (YASHANT)** को उसके नए नाम **एहसान खान (EHSAN KHAN)** के नाम से जाना व पहचान जावे। जो सर्वजन व आम जन सूचित हो।

पता:- रुस्तम खां पिता मंजूर खान
निवासी-सेमलिया हीरा, तह.-दलौदा, जिला मंदसौर (म.प्र.)

लक्ष्य अनुरूप हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति व वितरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

कलेक्टर ने की एक जिला उत्पाद योजना की समीक्षा

नीमच। एक जिला एक उत्पाद'' धनिया फसल को बढावा देने के लिए कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओं अमन वैष्णव,डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, ''एक जिला एक उत्पाद'' योजना के समिति के सदस्य उप संचालक उद्यान अतर सिंह कन्नौजी, उप संचालक कृषि भगवान सिंह अर्गल, महाप्रबंधक उद्योग योगिता भटनागर, कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी.पी. पचौरी एल.डी.एम एस.के शर्मा उन्नतशील कृषक तथा उद्यानिकी विभाग अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने ''एक जिला एक उत्पाद'' अंतर्गत धनिया फसल की समीक्षा की। बैठक में उप संचालक उद्यान कन्नौजी ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग एवं जिला रिसोर्स पर्सन को निर्देश दिये गए कि योजना में उद्यमी तथा बेरोजगार युवाओं को माह जून 2025 अंत तक प्राप्त लक्ष्यों के विरूद्ध अधिकतम प्रकरण तैयार कर, बैंको में प्रस्तुत करें। जिले के लीड बैंक मेनेजर को निर्देशित किया कि,वे संबंधित बैंको को निर्देशित कर, प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध 38 प्रकरणों में ऋण स्वीकृति एवं 37 प्रकरणों में ऋण वितरण की कार्यवाही जून, 2025 तक करना सुनिश्चित करे। साथ ही वर्ष 2025-26 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत आवेदन तैयार कर, बैंकों में प्रस्तुत कर, ऋण स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश भी संबंधितों को दिए।

कलेक्टर ने ''एक जिला एक उत्पाद'' (ओडीओपी) धनिया फसल के जिले के कृषकों द्वारा प्रक्षेत्र लगाने के लिए प्रचार-प्रसार कर, क्षेत्र विस्तार करवाने तथा योजना में अधिक से अधिक प्रसंस्करण ईकाइयां स्थापित करवाने के निर्देश दिए, जिससे उद्यमियों द्वारा धनिया उत्पाद तैयार कर निर्यात को बढ़ावा देकर अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सके।

पाटीदार शिक्षण समिति जीरन के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न

जीरन। पाटीदार धर्मशाला जीरन में दिनांक 25.05.2025 रविवार को दोपहर 3.30 बजे जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर पाटीदार के मुख्य आतिथ्य तथा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भीलावत की अध्यक्षता में पाटीदार शिक्षण समिति जीरन की मुख्य कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष गोपाल जी - मांगीलाल मेरावत (ठेकेदार) ,उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जी - रामचन्द्र जी मेरावत, संदीप जी - शिवनारायण मेरावत,सचिव श्रकपिल जी -बद्रीलाल दुदावत, कोषाध्यक्ष श्री दशरथ- गोपाल जी भानेज, सहसचिव विमल जी- गणेशराम जी जारेरिया एवं सदस्य मुकेश कुमार -रामनारायण जी मेड़ीवाले, यशवंत जी- रामचन्द्र जी सगवारिया को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया द्य साथ ही शासकीय मनोनित सदस्य के रूप मे प्राचार्य शा.बा. उ. मा.वि.जीरन, प्राचार्य शा.कन्या उ. मा. वि. जीरन एवं प्राचार्य आशा पाटीदार हाई स्कूल जीरन का मा. शि. मण्डल भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी नीमच द्वारा मनोनयन किया गया।

इसके साथ ही युवा शाला विकास समिति जीरन में अध्यक्ष श्री गोविन्द -राधेश्याम जी भानेज , उपाध्यक्ष गोविन्द जी- भगतराम सगवारिया , विष्णु जी- बाबुलाल जी सगवारिया , ममता -सुभाष जी सगवारिया ,सचिव दीपक जी- कारूलाल जारेरिया, कोषाध्यक्ष श्री जयेश -चन्द्रशेखर मुकद्दम, सहसचिव श्री दीपेश -भागीरथ दुदावत एवं मीडिया प्रभारी जितेन्द्र - अम्बालाल मेरावत का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

साथ ही सदस्य के रूप में ओमप्रकाश- ईश्वरलाल कनावटिया, अर्जुन-सोहनलाल जारेरिया, ी सुनिलकुमार- घनश्याम मुकद्दम, श्र राहुल - मोहनलाल बांसखेड़िया , श्यामलाल- बंशीलाल भीलावत, विनोदकुमार-

बाबुलाल कुड़ीवाले को सर्व सम्मति से मनोनित किया गया। अन्त में जिलाध्यक्ष एवं पाटीदार शिक्षण समिति जीरन द्वारा सभी पदाधिकारियों का अभिवादन कर पुष्पाहार से स्वागत किया गया।

जिला चिकित्सालय में कटे होंठ एवं फटे तालू के बच्चों के उपचार के लिए शिविर आयोजित

नीमच। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय नीमच में लाहोटी हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से कटे होट एवं फटे तालू के बच्चों के उपचार एवं फालोअप के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 19 बच्चों का पंजीयन किया गया। पांच बच्चे सर्जरी योग्य पाये गये। नौ बच्चों का सर्जरी उपरांत फालोअप किया गया एवं पांच बच्चे पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। शिविर में चिन्हाकिंत बच्चों की नि:शुल्क सर्जरी करवाई जावेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने बताया कि,राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तहत 0 से 18 वर्ष के बच्चों की नि:शुल्क सर्जरी एवं उपचार किया जाता हैं। बच्चों के उपचार हेतु दिनेश मालवीय जिला प्रबंधक से मो. नं. 9329936265 पर संपर्क किया जा सकता हैं। जिला चिकित्सालय से नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत राठौर एवं डॉ मुकेश कुमार मोर्य ने परीक्षण किया।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भूमिपूजन

मंदसौर। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम संजीत में 1 करोड़ 59 लाख की लागत से निर्मित होने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी पत्रकार मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री एवं सांसद द्वारा सैनिक का सम्मान किया गया। भूमि पूजन के दौरान उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि संजीत में बहुत समय से स्वास्थ्य सुविधा के लिए अस्पताल निर्माण की मांग थी। जिसका आज भूमि पूजन किया गया है। डॉ के रहने के लिए आवास, स्वास्थ्य केंद्र के चहुओर बाउंड्री वॉल का निर्माण होगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण से संजीत से लगे हुए जितने भी गांव हैं, उनको बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। एक समय था जब लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने के लिए मल्हारगढ़ या मंदसौर जाना पड़ता था। लेकिन अब उनको संजीत में ही स्वास्थ्य लाभ मिलेगी। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख का गारंटी कार्ड प्रदान किया गया है। सरकार ने इलाज का प्रबंध किया है। अब 70 साल से ऊपर वाले व्यक्तियों को अभी आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज होता है। पूरे प्रदेश में विकास की गंगा सरकार ने बहाई है। सड़कों का जाल बिछाया है। सड़क के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। शरीर में जैसे नशे चलती है उससे शरीर अच्छा चलता है, वैसे ही सड़कों के जाल से प्रदेश का विकास, विधानसभा क्षेत्र का विकास चलता है। मध्य प्रदेश के साथ पूरे देश में चहुमुखी विकास हुआ है। कॉलेज और अस्पताल बनाए गए हैं। जिधर देखो उधर सड़के बनाई गई है। सड़कों के क्षेत्र में पूरा कायाकल्प कर दिया गया है। एक समय था जब सड़कों के कारण आने-जाने में बहुत ज्यादा समस्या आती थी। सड़कों के जाल बिछ जाने से अब आवागमन एवं परिवहन बहुत आसान हो गया है। पूरे देश में नदियों को आपस में जोड़ने काम चल रहा है। हिंदुस्तान में कोई व्यक्ति प्यासा नहीं रहेगा। हर घर शुद्ध पानी मिलेगा। चंबल का पानी हर खेत को मिलेगा। पहले दो फसल किसान ले पाते थे, लेकिन अब तीन फसल किसान ले सकेंगे।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मन में अगर दृढ़ शक्ति हो तो विकास होता है। सीतामऊ में कृषि मेला एवं इन्वेस्टर मीट आयोजित हुआ जहां पर किसानों को कृषि से संबंधित जानकारियां दी गई। खेती करने के नए-नए तरीकों के बारे में बताया गया। बच्चे भी नए रोजगार की तरफ बढ़ रहे हैं। चंबल का पानी अब हर खेत को मिलेगा। शुद्ध पीने का पानी मिलेगा।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का सांसदों ने साबाखेड़ा से किया शुभारंभ

जिले में अभियान 29 मई से 15 जून तक लगातार चलेगा

मंदसौर। विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ मन्दसौर जिले के ग्राम साबाखेड़ा, विकासखण्ड मन्दसौर से लोक सभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्य सभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने किया। जिले में अभियान 29 मई से 15 जून तक जिले की 135 पंचायतों में किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत- मन्दसौर अध्यक्ष बसंत शर्मा, जनपद सदस्य बंशीलाल धनगर सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, सरपंच परमानंद धनगर प्रशासनिक अधिकारियों में उप संचालक कृषि श्रीमती अनिता धाकड़, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, किसान मौजूद थे।

उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी, फसल बीमा, इफको तथा एफ.पी.ओ. एवं एन.जी.ओ. के प्रतिनिधियों ने सहभागिता दर्ज कर अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। तकनीकी सत्र अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र एवं उद्यानिकी महाविद्यालय से उपस्थित वैज्ञानिक डॉ. जी.एस. चुण्डावत, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. राजेश आर्वे, डॉ. अनुज बालियान ने खरीफ की मुख्य फसलों, यंत्रीकरण, मिट्टी परीक्षण, कीट व्याधि, ड्रोन, संतुलित उर्वरक, नैनो उर्वरक, नरवाई प्रबंधन, फूलों की खेती आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर कृषकों की समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में ड्रोन प्रदर्शन तथा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

आक्रोश — कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि कार्यकर्ता निडर होकर भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़े कांग्रेस पार्टी आपके साथ है

आरोपियों पर प्रकरण दर्ज नहीं हुआ तो एक माह बाद आंदोलन शुरू होगा : दिग्विजयसिंह

मंदसौर। पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह का गुरूवार को मंदसौर जिले में आगमन हुआ। इस दौरान सिंह खेड़ा खुंटी पहुंचे तथा वहां संजीत ब्लॉक कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन में आपने उपस्थित होकर कांग्रेसजनों को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री प्रियव्रतसिंह, मंदसौर विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन सभी मंच पर न बैठते हुए कार्यकर्ताओं के बीच बैठे।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद से दिग्विजय सिंह ने कहा भाजपा के मंत्री व नेता देश व सेना के खिलाफ गलत बयान बाजी खुद कर रहे है और बाद में मीडिया को कोस रहे हैं कि हमारे बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। भाजपा के नेता जान बूझकर बयान देते हैं और देश का माहौल खराब करते है। सिंह ने कहा की खुलेआम भाजपा के गुंडे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर धाकड़ व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला करते हैं। वीडियो में अपराधी साफ दिखाई दे रहे है तब भी प्रशासन भाजपा के दबाव में अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है यह सरासर गलत है, यदि आरोपियों पर कार्यवाही नहीं हुई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बनाए गए फर्जी प्रकरण वापस नहीं लिए गए तो कांग्रेस पार्टी एक माह बाद जन आंदोलन शुरू करेगी। सिंह ने शासन प्रशासन को चेताया और कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हुए हमले में पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है। और कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि कार्यकर्ता निडर होकर भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़े कांग्रेस पार्टी आपके साथ है।

पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी के हर नेता व कार्यकर्ता के साथ खड़ी है राहुल गांधी ने एक ही नारा दिया कि डरो मत, आप पार्टी के बब्बर शेर हो और पार्टी के सभी बड़े नेता व संगठन आपके पीछे खड़ा है। सिंह ने कहा कि यदि ईश्वर धाकड़ के ऊपर हमला करने वाले जल्द ही गिरफ्तार नहीं हुए तो एक माह बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक विपिन जैन ने कहा कि कार्यकर्ता के मान सम्मान के लिए पार्टी संगठन हमेशा लड़ाई लड़ता आया है और लड़ता रहेगा। कार्यकर्ता अपने आप को अकेला ना समझे संगठन उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री परशुराम सिसोदिया, सोमिल नाहटा, राजेश रघुवंशी, जगदीश धनगर, मुकेश पोरवाल निडर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा, सुवासरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे राकेश पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण में सर्वश्री अनिल शर्मा, सुरेश पाटीदार, विकास दशोरा, कृपाल सिंह सोलंकी, गोपाल विश्वकर्मा, ओम प्रकाश राठौर, ईश्वर लाल धाकड़, जिला कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री शंकर लाल आंजना, ओम सिंह भाटी, अजहर हयात मेव, गोविंद सिंह पवार, सुरेश चंद्र शर्मा, लियाकत मेव, एन डी वैष्णव, भोपाल सिंह सोलंकी, किशन लाल चौहान, तरुण खींची, दिग्विजय सिंह कोटड़ा माता, मुकेश पाटीदार, राजनारायण लाड़, गुल नवाज खान, डॉ अजीत जैन, जगदीश कोठारी, विनय राजोरिया, रामचंद्र करुण, अजीत कुमठ, बाबू खा मेवाती, सुनील बसेर, शीतल सिंह बोराना, समरथ गुर्जर,भोपाल सिंह सोलंकी, संग्राम सिंह कुरावन, सहीम खान पठान, गुल नवाज खान, तुलसीराम पाटीदार, विश्वास दुबे, विनोद शर्मा, महिला नेत्रियों में सुश्री इष्टा भाचावत, रूपल संचेती, सुनीता बंडी, नेहा कनकमल जैन, वरिष्ठ नेता मंगेश सिंघई, सत्यनारायण पालीवाल, युनुस मेव, भानपुरा नगर परिषद अध्यक्ष शिव भानपिया, भानपुरा जनपद अध्यक्ष विजय पाटीदार, जिला मोर्चा संगठन में सर्वश्री अनीश मंसूरी, दीपक सिंह गुर्जर, मांगू सिंह बोराना, साथ ही इस अवसर पर पंकज बैरागी, ईश्वर सूर्यवंशी, राहुल जैन, कोहिनूर मेव, सुभाष पाटीदार रोड सिंह झाला, प्रभु लाल चंदेल, वीरेंद्र सिंह तुरकिया, अभिषेक पाटीदार, सत्यनारायण पाटीदार, सुरेश खचरानिया, प्रवीण मगरिया, मोहनलाल राठौड़, दुर्गा शंकर धाकड़, प्रभु लाल धाकड़, भूवानी सिंह चंद्रावत, भवानी शंकर शर्मा, राजेंद्र पटवा, हुसैन मेव, अजीत सिंह शक्तावत, नितेश सती दासानी, हनुमंत सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर हयात मेव ने किया व कार्यक्रम का आभार कार्यकर्ता सम्मेलन प्रभारी विजेश मालेचा ने माना।

पशुपतिनाथ महादेव व नालछा माता के दर्शन किये- पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह प्रात: शिवना शुद्धिकरण अभियान में भाग लिया। उसके पश्चात् वे पशुपतिनाथ महादेव मंदिर एवं नालछा माता मंदिर पहुंचे तथा दर्शन कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की।

अनेक जगह हुआ दिग्गिराजा का स्वागत -पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के मंदसौर जिले में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। सिंह का मंदसौर सहित काचरिया चौपाटी, खेड़ा खुटी, बिल्लोद सहित अनेक स्थानों पर पुष्पमाला पहनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

शोक संवेदना व्यक्त करने भी पहुंचे सिंह- दिग्विजयसिंह दोरवाड़ा के मनोहरसिंह के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। विगत दिनों बिना मुंडेर के कुएं में गिरे लोगों को बचाने में अपनी बहादुरी दिखाते हुए मनोहरसिंह की मृत्यु हो गई थी। सिंह नाहरगढ़ स्थित बबलू मंसूरी के निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने भी पहुंचे। पिछले वर्ष सितम्बर माह में बारिश के दौरान बबलू मंसूरी शिवना नदी में डूबते हुए लोगों को जाने बचाने उतरे थे और इस दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने दोनों बहादुरों की प्रशंसा भी की।